**Regarding poll-related violence in West Bengal - laid**

**श्रीमती लॉकेट चटर्जी (हुगली):** किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है । जहां नागरिक अपने मत का उपयोग कर अपने प्रतिनिधियों का चयन करते हैं । परन्तु पश्चिम बंगाल में निरंतर चुनावों से पूर्व, चुनाव और मतगणना के दिन के साथ साथ उसके बाद भी हिंसा का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा जहां एक और चुनाव स्वस्थ लोकतंत्र का पर्याय है वहीं पश्चिम बंगाल में चुनाव की घोषणा होते ही हिंसा, आगजनी आरंभ हो जाती है । मानो यह चुनाव की नहीं अपितु युद्ध और अपराध की घोषणा हो ।

पूर्व में हुए विधानसभा चुनाव और उसके बाद हुई हिंसा को अभी बंगाल और देश के लोग भूल भी नहीं पाए थे कि फिर पंचायत चुनाव की घोषणा होते ही हत्या, आगजनी का भयावह चक्र फिर से शुरू हो गया ।